| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| **अंडमान और निकोबार प्रशासन** | | |
| 22. पोर्ट ब्लेयर सिटी मैपफोल्डर | अंग्रेजी | 10,000 |
| 23. अंडमान एण्ड निकोबार ब्रोशर | अंग्रेजी | 10,000 |
| **पर्यटन विभाग, केरल सरकार** | | |
| 24. केरल फोल्डर | अंग्रेजी | 20,000 |
| 25. पोस्टर्स (5 × 5000) | अंग्रेजी एंव हिंदी भाषा में | 25,000 |
| **पंजाब पर्यटन विकास निगम** | | |
| 26. हालीडे होम क्लब फ़ोल्डर एंड एप्लीकेशन फार्म आकाशवाणी | अंग्रेजी | 10,000 |
| 27. स्पीकिंग टू आकाशवाणी वर्ल्ड ब्रोशर भारत पर्यटन विकास निगम के लिए | अंग्रेजी | 5,000 |
| 28. भारत पर्यटन विकास निगम ब्रोशर | अंग्रेजी | 10,000 |

**अखबारी कागज के कोटे का आवंटन**

1811. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **सूचना और प्रसारण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय समाचारपत्रों के पंजीयक के पास पंजीकृत समाचारपत्रों की संख्या कितनी है ;

(ख) इनमें से प्रत्येक वर्ग के कितने समाचारपत्रों को गत वर्ष अखबारी कागज का कोटा आवंटित किया गया ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान कितने समाचारपत्रों ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट नहीं भेजी है ; और

(घ) उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) :** (क) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के चालू रजिस्टर में 31-12-1986 के दिन की स्थिति के अनुसार प्रकाशनों की संख्या 26,614 थी।

(ख) 1986-87 के दौरान जिन समाचारपत्रों को अखबारी कागज का पूरे वर्ष का कोटा आवंटित किया गया था, उनकी संख्या निम्नानुसार है :—

| | | |
|---|---|---|
| बड़े | — | 254 |
| मझौले | — | 443 |
| लघु | — | 1,570 |
| योग : | | 2,267 |

(ग) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है। **(नीचे देखिये)** ।

(घ) दोषी समाचार पत्रों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाती है। तथापि, सभी दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करना संभव नहीं है क्योंकि उनमें से अनेक प्रकाशन बन्द कर देते हैं।

**विवरण**

| वर्ष | इन प्रकाशनों की संख्या जिन्होंने वार्षिक विवरणियां नहीं भेजी हैं |
|---|---|
| 1984 . . . | 12,578 |
| 1985 . . . | 16,854 |
| 1986 . . . | 18,457 |